प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में फिक्की की सालाना बैठक और सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर राज्य में महत्वपूर्ण परियोजनाओं और जनहित से जुडे मुद्दों पर चर्चा की–गृह मंत्री को दिया विकास का फीडबैक।

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने मौजूदा वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में बेहतर वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है।

- अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला परवान पर–ऊंटों के करतबों के साथ कई प्रतियोगिताएं सैलानियों में आकर्षण का केन्द्र।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ–फिक्की की वार्षिक आम बैठक और सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इंडिया 2047 विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, राजदूतों, राजनयिकों और नीति निर्माताओं सहित बड़ी संख्या में उद्योग जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगे। गौरतलब है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष फिक्की का शताब्दी वर्ष है। संगठन की स्थापना सात अप्रैल 1927 को हुई थी और वह अगले साल अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे करेगा।

0000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रोजगार सृजन और सामाजिक–आर्थिक चुनौतियों के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी, नवाचार, उद्यमिता और डिजिटल प्लेटफॉर्म की भूमिका पर जोर दिया है। वे कल नई दिल्ली में आयोजित राइड – मूविंग इंडिया फॉरवर्ड कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐप–आधारित सेवाएं यात्री परिवहन से आगे बढ़कर माल वितरण और खाद्य सेवाओं तक विस्तारित हो गई हैं, जिससे विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोगों के लिए आजीविका के नए रास्ते खुल रहे हैं। श्री गडकरी ने राज्यों से सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए रोजगार के अवसर सुगम बनाने के लिए मोटर वाहन एग्रीगेटर ढांचे को व्यापक रूप से अपनाने को कहा।

0000

कार्यक्रम में उद्योग प्रतिनिधियों, ड्राइवरों, गिग वर्करों और लाभार्थियों को एक साथ लाया गया जिससे रोजगार सृजन, परिवहन सेवाओं और आजीविका के अवसरों में ऐप–आधारित प्लेटफार्मों के योगदान को उजागर किया जा सके।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात कर राज्य में चल रही महत्वपूर्ण परियोजनाओं और जनहित से जुड़ें विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अमित शाह से प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, राज्य के विकास को नई गति देने, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और अन्य विषयों पर बात की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात के दौरान प्रदेश के जल आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को साकार करने के लिए उठाये जा रहे कदमों पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान को जल उपलब्धता में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी मुलाकात की।

0000

प्रदेश में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिये कल मतगणना होगी। इसके लिए सभी जिलों में तैयारियां अंतिम दौर में हैं। वोटों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी। पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों की मतगणना के लिए अलग अलग कक्ष तय किये गये है।

चुनी जाने वाली स्थानीय सरकार को लेकर मतदाताओं में भी उत्साह चरम पर बना हुआ है। वहीं भाजपा और कांग्रेस सहित स्थानीय दल अपनी पार्टी के जिला प्रमुख और प्रधान बनाने के लिए रणनीति तय करने में जुटे है। पार्टियों की नजर जिताऊ बागियों और निर्दलीय प्रत्याशियों पर है। जयपुर के भवानी निकेतन में होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये है। परिसर में प्रवेश पर सख्ती बढा दी गई है और शोर शराबे और उपद्रव जैसी संभावित स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि वहां एस बी के राजकीय महाविद्यालय में होने वाली वोटो की गिनती को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

0000

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने मौजूदा वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में बेहतर वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, सालाना आधार पर दर्ज बैंकों के प्रदर्शन में कुल शुद्ध लाभ 16 दशमलव 9 प्रतिशत की बढोतरी के साथ एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वहीं, कुल परिचालन लाभ भी बढ़कर एक लाख 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। इस साल सितंबर तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल कारोबार सालाना आधार पर 15 दशमलव 5 प्रतिशत बढ़कर 300 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। पहली बार बैंकों का कुल कारोबार इस स्तर पर पहुंचा है।

0000

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि देश की बड़ी युवा आबादी को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में एम.एस.एम.ई. की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में खादी और ग्रामोद्योग आयोग और कॉयर तथा राष्ट्रीय एससी–एसटी हब मंडपों के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने बताया कि एम.एस.एम.ई. पंजीकरण का आंकड़ा दस करोड़ को पार कर गया है। उन्होंने बताया कि इसके जरिये 42 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। इस बीच व्यापार मेला आज से आज से आम जनता के लिए खुल जाएगा। मेले के टिकट इंडिया ट्रेड फेयर की आधिकारिक वेबसाइट और आई.आई.टी.एफ. 2026 मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बुक किए जा सकते हैं।

0000

अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला इन दिनों परवान पर है। 24 नवम्बर तक चलने वाले मेले का आज तीसरा दिन हैं। मेले में पशुपालको के साथ ही बड़ी संख्या में देशी विदेशी सैलानी भी शिरकत कर रहे है। इस दौरान वहां आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पर्यटक भी उत्साह के साथ भाग ले रहे है। कल हुई खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में जर्मनी, अर्जेंटीना और इजराइल के सैलानियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित ऊंटों के श्रृंगार और गोरबंध प्रतियोगिता में पशुपालकों ने अपने ऊंटों और ऊंटनियों को दूल्हा–दुल्हन की तरह सजाकर मैदान में उतारा। और ब्योरा हमारी संवाददाता से।

0000

नवम्बर का पहला पखवाडा बीतने के बाद राजस्थान सहित उत्तर भारत में सर्दी का असर बढने लगा है। हिमालय से आ रही ठण्डी हवाओं से प्रदेश के अधिकांश शहरों में दिन रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बीते 24 घंटों में दिन के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक और रात के न्यूनतम तापमान में साढे पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चूरू, डबोक, पाली, पिलानी, सीकर, श्रीगंगानगर, वनस्थली, सिरोही, फतेहपुर, करौली, झुंझुनूं , माउंट आबू और नागौर का रात का पारा 15 डिग्री से नीचे रहा।

0000